प्रभात खबर

50 लाख का विदेशी सिगरेट जब्त, दो गिरफ्तार

By Prabhat khabar Digital | Updated Date Fri, Aug 21, 2020,

सिलीगुड़ी : डीआरआई की टीम ने गुप्त सूत्रों के हवाले से खबर पाकर 50 लाख रूपये मूल्य का विदेशी सिगरेट को जब्त किया है. इस मामले में दो लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है. जानकारी मिली है कि सिगरेट को असम से सिलीगुड़ी लाया जा रहा था. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपियों में बाप्पी चक्रवर्ती सिलीगुड़ी के देशबंधुपाड़ा का रहने वाला है.

जबकि दिनेश कुमार पाल उत्तर प्रदेश का बताया जा रहा है. अनुमान लगाया जा रहा है कि विदेशी सिगरेट को इंडो-म्यांमार बोर्डर होकर सिलीगुड़ी में प्रवेश कराया गया होगा. सिगरेट को एक ट्रक में लोड कर असम होते हुए बुधवार को सिलीगुड़ी लाया जा रहा था. जिसके बाद यहां से सिगरेट को विभिन्न जगहों पर तस्करी करने की योजना थी. खबर मिलते ही डीआरआई की टीम ने जलपाईगुड़ी के ग्वालटोली मोड़ में जाल बिछाया.

ट्रक से डीआराई ने 50 कार्टन सिगरेट जब्त किया. गुरुवार उन दोनों को सिलीगुड़ी कोर्ट में पेश किया गया. डीआरआई के वकील त्रिदिप साहा ने बताया कि डीआरआई ने 50 लाख का सिगरेट जब्त किया है. उन्होंने बताया कि सिगरेट इंगलैट मेड था. मामले में दो लोगों की गिरफ्तरी हुई थी. लेकिन कोर्ट में पेशी के बाद दोनों को शर्तों के आधार पर बेल पर रिहा कर दिया गया है.

posted by : sameer oraon

Comments (0)